तेरी कृपा से तेरा कीर्तन करवाऊंगा

तेरी कृपा से तेरा कीर्तन करवाऊंगा,
लेने को श्याम तुझे तेरे खाटू आऊंगा.....

रखना तू लाज मेरी मेरे साथ में आ जाना,
तू मेरा मैं तेरा संको बतला जाना,
छोटी सी कुटिया में दरबार सजाऊंगा,
लेने को श्याम तुझे तेरे खाटू आऊंगा,
तेरी कृपा से तेरा कीर्तन करवाऊंगा...........

ना कोई कमी बाबा श्रद्धा में है मेरी,
कोई कसार ना छोडूंगा मनुहार में मैं तेरा,
जहाँ पाँव धरेगा तू वहां मैं बिछ जाऊँगा,
लेने को श्याम तुझे तेरे खाटू आऊंगा,
तेरी कृपा से तेरा कीर्तन करवाऊंगा..........

तेरा कीर्तन करने को नहीं ज़्यादा लगता है,
तेरे प्रेमी हो तू हो इतना ही लगता है,
भावों के सचिन भूखे उनको ही बुलाऊंगा,
लेने को श्याम तुझे तेरे खाटू आऊंगा,
तेरी कृपा से तेरा कीर्तन करवाऊंगा........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31451/title/teri-kirpa-se-tera-kirtan-karwaunga

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |